आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 28.04.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार,

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को संबल योजना के हितग्राहियों को करेंगे 600 करोड़ रूपये वितरित ।
- प्रदेश भर में 2 मई को मनाया जाएगा 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' ।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों से वर्चुअल संवाद ।
- कूनो में पांच और शावकों के जन्म के साथ ही प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 31 हुई

संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि 600 करोड़ रूपये वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना में अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबंल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है । प्रदेश सरकार द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 01 करोड 75 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है ।

मुख्यमंत्री पीएससी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्रधानमत्री नरें्रद मोदी के सुशासन के संकल्प को साकार करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है.एमपीएससी जैसी परीक्षाओं का नियमित आयोजन होना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक वर्ष में एक बार परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के योग्य अभ्यर्थियों का चयन एक साथ किया जाएगा।

'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव'

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत 2 मई को प्रदेश में जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य भाग लेंगे।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम के अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इसके अतिरिक्त "एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम" अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा।

चार धाम पाकिस्तानी

चार धाम यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है. उधर, उत्तराखंड सरकार ने चार धाम और हेमकुंड साहिब तीर्थयात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले 77 पाकिस्तानी नागरिकों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इसकी घोषणा राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने की।

राष्ट्रपति-पद्म पुस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज शाम राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पहले चरण में 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया जा रहा है। इनमें मप्र के पाँच लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इनमें बुधेंद्र कुमार जैन, भेरू सिंह चौहान, हरचंदन सिंह भट्टी, जगदीश जोशीला और शैली होल्कर शामिल हैं. इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।

शिवराज कृषि

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों से वर्चुअल संवाद किया। इस कार्यक्रम में सभी

केवीके के चल रहे प्रयासों, उनकी भूमिका और भावी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बाद में मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि एक किसान नेता के व्यान पर प्रतिक्रिया में कहा कि जिन्होंने निर्दोषों का खून बहाया है उन्हें पानी नहीं देंगे.

कुनो चीता

कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबरी आई है। 5 वर्षीय मादा चीता नीरवा ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 31 हो गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर इस खुशखबरी को साझा किया। उन्होंने कूनो नेशनल पार्क की टीम को बधाई दी।

वेव्स-लेख मुरुगन

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक लेख में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन -वेव्स एक परिवर्तनकारी आंदोलन है। यह मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग 27 अरब रुपये का है और वेव्स 2025 रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता में देश के नेतृत्व का संकेत देता है। डॉक्टर मुरुगन ने कहा कि वेव्स 2025 से युवाओं के लिए कौशल विकास, उद्यमिता और वैश्विक सहयोग के नए क्षेत्र तैयार होंगे। वेव्स का आयोजन पहली से 4 मई तक मुंबई में होना है ।

ईडी प्रदेश छापे

प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने आबकारी विभाग में फर्जी चालान मामले में आज प्रदेश के तीन शहरों में इंदौर, भोपाल और जबलपुर में शराब ठेकेदारों के घर और दफ्तरों में छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई फर्जी बैंक चालान और आबकारी विभाग में हुए घोटाले को लेकर की जा रही है। यह घोटाला सबसे पहले साल 2018 में सामने आया था। आरोप है कि शराब कारोबारियों ने आबकारी विभाग के अफसरों के साथ मिलकर करोड़ों का घोटाला किया। माना जा रहा है कि घोटाले की रकम 100 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में -

- खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर के प्रकटोत्सव के अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आदि गुरु शंकराचार्य की मूर्ति का जल, दूध से अभिषेक किया। साथ ही मां नर्मदा में पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाई।
- सीहोर में आज कलेक्टर बालागुरू के ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा अभियान को गति देने के निर्देश दिए।
- बैतूल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए आज सक्षम संस्था की ओर से शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले के खनियांधाना में लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी मनोज निगम को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में इस मामले में शिकायत हुई थी।
- छतरपुर में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग छतरपुर में दिनांक 10 मई 2025 को मेगा लोक अदालत आयोजित की जा रही है।
- डिन्डोरी में प्रत्येक अधिकारी को छह ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां वे सक्रिय रूप से विकास कार्यों की निगरानी करेंगे।
- नीमच में जिला पंचायत सीईओ ने जनपद क्षेत्र मनासा की ग्राम राजपुरा के पंचायत सचिव को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है।
- अशोकनगर में गौरैया पक्षी बचाओ अभियान के अंतर्गत समाजसेवियों द्वारा बनाये गये 500 से अधिक पक्षी घर को कलेक्टर ने समाजसेवी संस्थाओं को वितरित किये गये।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को संबल योजना के हितग्राहियों को करेंगे 600 करोड़ रूपये वितरित ।
- प्रदेश भर में 2 मई को मनाया जाएगा 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' ।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया देशभर के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों से वर्चुअल संवाद ।

  और
- कूनो में पांच और शावकों के जन्म के साथ ही प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 31 हुई

..................................